**SET – 2**

**Series : BVM/1**

कोड नं.
**Code No. 61/1/2**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र है ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **16** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

सामान्य निर्देश :

*(1) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।*

*(2) प्रश्न संख्या 1 से 3 दो अंकों वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(3) प्रश्न संख्या 4 से 9 चार अंकों वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

(4) *प्रश्न संख्या **10** से **12** आठ अंकों वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

(5) *प्रश्न संख्या **13** से **15** स्रोत आधारित हैं ।*

(6) *प्रश्न संख्या **16** मानचित्र सम्बन्धी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

***General Instructions :***

(1) *Answer **all** the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.*

(2) *Answer to question nos. **1** to **3** carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

(3) *Answer to question nos. **4** to **9** carrying **4** marks should not exceed **100** words each.*

(4) *Answer to question nos. **10** to **12** carrying **8** marks should not exceed **350** words each.*

(5) *Questions Nos. **13** to **15** are source based questions.*

(6) *Question No. **16** is a **Map question** that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

**खण्ड – क**

**PART – A**

(अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) **2 × 3 = 6**

**(Very Short Answer Type Questions)**

1. "भारतीय इतिहास की अवधि निर्धारित करने में सिक्के एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।" दो बिन्दुओं के साथ कथन को न्यायसंगत ठहराइये । **2**

"Coinage plays a valuable role in determining certain period of Indian history." Justify the statement giving two points.

2. अल-बिरुनी की कृति 'किताब-उल-हिन्द' को एक विस्तृत ग्रंथ क्यों माना जाता है ? **2**

Why is Al-Biruni's text "Kitab-ul-Hind" considered as a Voluminuous text ?

3. सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दियों में मुगलों द्वारा भारत में बनाए गए शहरों के किन्हीं दो चारित्रिक लक्षणों का उल्लेख कीजिए । **2**

अथवा

मद्रास में औपनिवेशिक काल के दौरान विकसित किए गये 'नया ब्लैक टाउन' के किन्हीं दो चारित्रिक लक्षणों का उल्लेख कीजिए ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

State any two characteristic features of the towns built by the Mughals in India during sixteenth and seventeenth centuries.

**OR**

State any two characteristic features of the 'new Black Town' developed during the colonial period in Madras.

### खण्ड – ख

### PART – B

(लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) **4 × 6 = 24**

**(Short Answer Type Questions)**

4. उदाहरणों की मदद से सिद्ध कीजिए कि हड़प्पाई लोगों ने पुरावस्तुओं को खरीदने/आदान-प्रदान के लिए, उन्होंने पश्चिम एशिया के साथ सम्पर्क स्थापित किए । 4

Prove with the help of examples that the Harappans had established their contacts with Western Asia for purchase/exchange of artifacts.

5. मौर्य साम्राज्य के प्रशासन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 4

Describe the administrative features of the Mauryan Empire.

6. 'विजयनगर का महानवमी डिब्बा विस्तृत अनुष्ठान का केन्द्र था ।' उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन को स्पष्ट कीजिए । 4

'Mahanavami Dibba of Vijaynagara was the centre of elaborate rituals.' Explain the statement with suitable examples.

7. एन.जी. रंगा ने संविधान सभा में अल्पसंख्यक शब्द की व्याख्या आर्थिक स्तर पर किए जाने का आह्वान क्यों किया ? स्पष्ट कीजिए । 4

Why did N.G. Ranga urge to interpret minorities in the economic terms in the Constituent Assembly ? Explain.

8. दक्कन के देहाती इलाकों में रैयतों के जीवन पर अमेरिकी गृहयुद्ध के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए । 4

**अथवा**

1857 के विद्रोह के दौरान हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच धार्मिक भेद के लक्षण क्यों दिखाई नहीं दिए ? परख कीजिए ।

Analyse the impact of American Civil War on the lives of the Ryots in Deccan country-side.

**OR**

Examine why were the religious divisions between Hindus and Muslims hardly noticeable during the uprising of 1857.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

9. “अकबर ने सोच-समझकर फ़ारसी को दरबार की मुख्य भाषा बनाया ।” इस कथन की परख उसके द्वारा किए गए प्रयासों के साथ कीजिए । **4**

अथवा

“मुग़ल शक्ति का सुस्पष्ट केन्द्र बादशाह का दरबार था ।” उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये ।

“Akbar consciously made Persian the leading language of the Mughal Court.” Justify the statement with the efforts made by him.

**OR**

“The visible centre of Mughal power was the King’s Court.” Justify the statement with suitable arguments.

## खण्ड – ग

## PART – C

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

## (Long Answer Questions) $8 \times 3 = 24$

10. सोलहवीं और सत्रहवीं सदियों के कृषि इतिहास को समझने में ऐतिहासिक ग्रंथ ‘आइन-ए-अकबरी’ किस प्रकार एक प्रमुख स्रोत है, व्याख्या कीजिए । इसके साथ इस काल में प्रयुक्त सिंचाई और तकनीक के तरीकों को भी स्पष्ट कीजिए । **8**

अथवा

सोलहवीं और सत्रहवीं सदियों के दौरान भारत में जमींदारों द्वारा निभाई गई भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

Explain how the chronicle ‘Ain-i-Akbari’ is the major source to understand agararian history of sixteenth and seventeenth centuries. Also, explain the method of irrigation and technology used during that period.

**OR**

Explain the role played by Zamindars during sixteenth and seventeenth centuries in India.

11. 600 ई.पू. से 600 ईसवी के दौरान प्रचलित ‘पितृवंशिक व्यवस्था के आदर्श’ तथा ‘संपत्ति पर स्त्री और पुरुष के भिन्न अधिकार’ का वर्णन कीजिए । **4 + 4 = 8**

अथवा

महाभारत का विश्लेषण करने के लिए इतिहासकारों द्वारा विचार किए गए पहलुओं का वर्णन कीजिए । महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने में वी.एस. सुथांकर और अनेक विद्वानों के प्रयासों का वर्णन कीजिए ।

Describe the ‘ideal of Patriliny’ and ‘Gendered access to Property’ prevailing during sixth century B.C.E. to sixth century C.E.

**OR**

Describe the elements considered by historians to analyse Mahabharata. State the efforts of V.S. Suthankar and his team for the preparation of the critical edition of Mahabharata.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

12. "'भारत छोड़ो आंदोलन' सही मायने में एक जन–आंदोलन था जिसमें लाखों आम हिन्दुस्तानी शामिल थे ।" कथन का विश्लेषण कीजिए **8**

अथवा

"बुरी घड़ी बीत चुकी है पर भारतीयों को सभी वर्गों और धर्मों की समानता के लिए कार्य करने की जरूरत है ।" भारत के विभाजन के बाद साम्प्रदायिक शांति बनाए रखने के लिए गांधीजी के इस कथन को प्रमाणित कीजिए ।

"'Quit India Movement' was genuinely a mass movement bringing into its ambit hundreds of thousands of ordinary Indians." Analyse the statement.

**OR**

"The worst is over but Indians need to work collectively for the equality of all classes and creeds." Substantiate the statement of Gandhiji for bringing communal peace after the partition of India.

## खण्ड – घ

## PART – D

(स्रोत आधारित प्रश्न) **7 × 3 = 21**

**(Source Based Questions)**

13. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 3 + 2 = 7**

मुस्लिम लीग का प्रस्ताव : 1940

मुस्लिम लीग के 1940 वाले प्रस्ताव की माँग थी –

'कि भौगोलिक दृष्टि से सटी हुई इकाइयों को क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया जाए, जिन्हें बनाने में जरूरत के हिसाब से इलाकों का फिर से ऐसा समायोजन किया जाए कि हिंदुस्तान के उत्तर-पश्चिम और पूर्वी क्षेत्रों जैसे जिन हिस्सों में मुसलमानों की संख्या ज्यादा है, उन्हें इकट्ठा करके 'स्वतंत्र राज्य' बना दिया जाए, जिनमें शामिल इकाइयाँ स्वाधीन और स्वायत्त् होंगी ।'

(13.1) मुस्लिम लीग की प्रमुख माँग की पहचान कीजिए । **2**

(13.2) मुस्लिम लीग की स्वायत्तता की माँग के कारणों का विश्लेषण कीजिए । **3**

(13.3) "1940 के मुस्लिम लीग के प्रस्ताव" के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कीजिए । **2**

अथवा



collegedunia India's largest Student Review Platform

निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**अंगूरों की एक छोटी सी टोकरी**

कराची हवाई अड्डे पर 1949 में हुई मुलाक़ात का ब्योरा : डॉ. खुशदेव सिंह की ज़बानी :

'मेरे दोस्त मुझे हवाई अड्डे के एक कमरे में ले गए जहाँ हम सब बैठकर गपशप करने लगे… (और) साथ ही दोपहर का खाना भी खाया । मुझे कराची से रात 2:30 बजे की उड़ान से लंदन जाना था । …. शाम को 5:00 बजे….. मैंने अपने दोस्तों से निवेदन किया कि उन्होंने बड़ी फ़राख़दिली से मुझे अपना समय दिया है । मेरी समझ से अब उनसे सारी रात रुकने की उम्मीद करना तो बड़ी ज़्यादती होगी और वे यह तकलीफ़ न ही उठाएँ । मगर रात के खाने तक कोई भी नहीं उठा …. फिर उन्होंने कहा कि वे लोग जा रहे हैं और मैं जहाज़ पर चढ़ने से पहले थोड़ा आराम कर लूँ । …. मैं रात के क़रीब पौने दो बजे उठा और जब दरवाज़ा खोला तो पाया कि वे सबके सब तब तक वहीं थे । …. वे सब जहाज़ तक मेरे साथ आए और बिछुड़ने के पहले उन्होंने मुझे अंगूरों की एक छोटी सी टोकरी भेंट की । मेरे लिए प्यार के इस उमड़ते सैलाब और इस पड़ाव से मुझे मिली खुशी के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने को मेरे पास शब्द नहीं थे ।'

(13.1) खुशदेव सिंह के प्रति कराची के लोगों के दृष्टिकोण का विश्लेषण कीजिए । **2**

(13.2) कराची में खुशदेव की भावनाओं को व्यक्त कीजिए । **2**

(13.3) "प्रेम नफरत से ज्यादा ताकतवर होता है ।" इस कथनात्मक के संदर्भ में इस कथन को स्पष्ट कीजिए । **3**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**The Muslim League resolution of 1940**

The League's resolution of 1940 demanded :

That geographically contiguous units are demarcated into regions, which should be so constituted, with such territorial readjustments as may be necessary, that the areas in which the Muslims are numerically in a majority as in the north-western and eastern zones of India should be grouped to constitute "Independent States", in which the constituent units shall be autonomous and sovereign.

(13.1) Identify the major demands of the Muslim League.

(13.2) Analyse the reasons for the demand of autonomy by the Muslim League.

(13.3) Analyse the distinctive aspects of the Muslim League Resolution of 1940.

**OR**



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**A small basket of grapes**

This is what Dr. Khushdeva Singh writes about his experience during one of his visits to Karachi in 1949 :

My friends took me to a room at the airport where we all sat down and talked... (and) had lunch together, I had to travel from Karachi to London... at 2.30 am... At 5.00. p.m. ... I told my friends that they had given me so generously of their time, I thought it would be too much for them to wait the whole night and suggested they must spare themselves the trouble. But nobody left until it was dinner time.... Then they said they were leaving and that I must have a little rest before emplaning. .... I got up at about 1.45 a.m. and, when I opened the door, I saw that all of them were still there.... They all accompanied me to the plane, and, before parting, presented me with a small basket of grapes. I had no words to express my gratitude for the overwhelming affection with which I was treated and the happiness this stopover had given me.

(13.1) Analyse the attitude of the people of Karachi towards Khushdeva Singh.

(13.2) Express the feelings of Khushdeva Singh at Karachi.

(13.3) "Love is stronger than hate." Elucidate the statement in the context of this narrative.

14. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

अग्नि की प्रार्थना

यहाँ पर *ऋग्वेद* से लिए गए दो छंद हैं जिनमें अग्निदेव का आह्वान किया गया है :

हे शक्तिशाली देव, आप हमारी आहुति देवताओं तक ले जाएँ । हे बुद्धिमंत, आप तो सबके दाता हैं । हे पुरोहित, हमें खूब सारे खाद्य पदार्थ दें ।

हे अग्नि यज्ञ के द्वारा हमारे लिए प्रचुर धन ला दें । हे अग्नि, जो आपकी प्रार्थना करता है उसके लिए आप सदा के लिए पुष्टिवर्धक अद्भुत गाय ला दें । हमें एक पुत्र मिले जो हमारे वंश को आगे बढ़ाए .....

इस तरह के छंद एक खास तरह की संस्कृत में रचे गए थे जिसे वैदिक संस्कृत कहा जाता था । ये स्रोत पुरोहित परिवारों के लोगों को मौखिक रूप में सिखाए जाते थे ।

(14.1) वैदिक संस्कृत क्यों महत्त्वपूर्ण थी ? **2**

(14.2) वैदिक परम्पराओं के किन्हीं दो धार्मिक विश्वासों और रिवाजों को स्पष्ट कीजिए । **2**

(14.3) वैदिक काल के दौरान आहुतियाँ क्यों दी जाती थी ? **3**



collegedunia India's largest Student Review Platform

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**A prayer to Agni**

Here are two verses from the *Rigveda* invoking Agni, the god of fire :

Bring, O strong one, this sacrifice of ours to the gods, O wise one, as a liberal giver. Bestow on us, O priest, abundant food. Agni, obtain, by sacrificing, mighty wealth for us.

Procure, O Agni, for ever to him who prays to you (the gift of) nourishment, the wonderful cow, May a son be ours, offspring that continues out line...

Verses such as these were composed in a special kind of Sanskrit, known as Vedic Sanskrit. They were taught orally to men belonging to priestly families.

(14.1) Why was Vedic Sanskrit significant ?

(14.2) Explain any two Vedic traditions of religious beliefs and practices.

(14.3) Why were sacrifices performed during Vedic Period ?

15. निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 2 + 3 = 7**

**एक ईश्वर**

यह रचना कबीर की मानी जाती है :

हे भाई यह बताओ, किस तरह हो सकता है
कि संसार के एक नहीं दो स्वामी हों ?
किसने तुम्हें भ्रमित किया है ?
ईश्वर को अनेक नामों से पुकारा जाता है : जैसे अल्लाह, राम, करीम, केशव, हरि तथा हज़रत ।
सोने को अँगूठी और चुड़ियों का आकार दिया जा सकता है ।
क्या यह सब समान नहीं है ?
विभिन्नताएँ तो केवल शब्दों में हैं जिनका आविष्कार हम स्वयं करते हैं ।
कबीर कहते हैं दोनों ही भुलावे में हैं ।
इनमें से कोई एक राम को प्राप्त नहीं कर सकता ।
एक बकरे को मारता है और दूसरा गाय को ।
वे पूरा जीवन विवादों में ही गँवा देते हैं ।

(15.1) कबीर ने परमात्मा के साथ एकत्व की प्राप्ति पर बल किस प्रकार दिया है ? स्पष्ट कीजिए । **2**

(15.2) आप यह कैसे सोचते हैं कि लोग अपना जीवन वाद-विवाद में बरबाद करते हैं ? **2**

(15.3) उनकी कविता की गीतात्मक सुंदरता ने उन्हें किस तरह अंतर-धार्मिक सद्‌भाव का प्रतीक बनाया ? स्पष्ट कीजिए । **3**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**The One Lord**

Here is a composition attributed to Kabir :

Tell me, brother, how can there be
No one lord of the world but two ?
Who led you so astray ?
God is called by many names :
Names like Allah, Ram, Karim, Keshav, Hari and Hazrat.
Gold may be shaped into rings and bangles.
Isn't it gold all the same ?
Distinctions are only words we invent....
Kabir says that are both mistaken.
Neither can find the only Ram. One kills the goat, the other cows.
They waste their lives in disputation.

(15.1) How has Kabir laid emphasis on the attainment of oneness with the divine ? Explain.

(15.2) How do you think the people waste their lives in disputation ?

(15.3) How has the lyrical beauty of his poem made him a figure of inter-religious harmony ? Explain.

**खण्ड – ङ**

**PART – E**

**(मानचित्र प्रश्न)** **2 + 3 = 5**

**(Map Question)**

16. (16.1) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए तथा उनके नाम लिखिए : **2**

(a) आगरा – मुगलों के अधीन एक क्षेत्र

**अथवा**

विजयनगर

(b) चम्पारन – राष्ट्रीय आंदोलन का एक केन्द्र

**अथवा**

ग्वालियर – 1857 के विद्रोह का एक केन्द्र



collegedunia
India's largest Student Review Platform

(16.2) भारत के दिए गए इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर, तीन विकसित हड़प्पा पुरास्थलों को A, B और C से अंकित किया गया है । इन पुरास्थलों की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए । **3**

(16.1) On the given political outline map of India, locate and label the following with appropriate symbols :

(a) Agra, a territory under Mughals

**OR**

Vijaynagara

(b) Champaran, a centre of National Movement

**OR**

Gwalior – a centre of the Revolt of 1857

(16.2) On the same outline map three places have been marked as A, B, C which are related to the mature Harappan sites. Identify them and write their correct names on the lines marked near them.

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या **16** के स्थान पर है : **2 + 3 = 5**

(16.1) बाबर के अधीन किन्हीं दो इलाकों का उल्लेख कीजिए ।

अथवा

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों का उल्लेख कीजिए ।

(16.2) किन्हीं तीन विकसित हड़प्पा पुरास्थलों के नाम लिखिए ।

**Note :** The following questions are for the **visually-impaired candidates** only in lieu of Q. No. **16**.

(16.1) Mention any two territories under Babur.

**OR**

Mention any two centres of Indian National Movement.

(16.2) Name any three mature Harappan sites.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform


प्रश्न सं. 16 के लिए मानचित्र

Map for Q. No. 16

यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**






collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com India's largest Student Review Platform